## एक नजर में

### आदिवासी परिवार की अनूठी पहल 'श्री गणेश गोशाला' बनी उम्मीद का केंद्र



**रतलाम।** विपरीत परिस्थितियों में भी सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाने वाली कोटड़ा गांव की श्री गणेश गौशाला आज न केवल गो-सेवा का केंद्र है, बल्कि एक आदिवासी परिवार की निष्ठा और समर्पण का जीवंत उदाहरण भी है। गौशाला के संचालक रूपा गरवाल ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व एक गंभीर पारिवारिक विवाद में घायल होने के बाद उनका जीवन दिशा बदल गया। अस्पताल से स्वस्थ होकर लौटते ही उन्हें ईश्वरीय प्रेरणा मिली और वे राजस्थान के पाटी गांव स्थित गौशाला में नि:शुल्क सेवा के लिए पहुँचे। यहाँ उन्होंने गौ-पालन और गौशाला प्रबंधन का गहन अनुभव अर्जित किया। इसी अनुभव के आधार पर रूपा गरवाल और उनके परिवार ने कोटड़ा में 125 से अधिक बीमार और असहाय गौवंश की सेवा का संकल्प लिया। गौशाला मुख्य मार्ग से लगभग तीन किलोमीटर अंदर स्थित होने के कारण भोजन सामग्री और अन्य सहयोग जुटाने में लगातार कठिनाइयाँ आती हैं। इसके बावजूद ग्रामवासियों के सहयोग से बीमार एवं लाचार गायों को समय पर सुरक्षित रूप से गौशाला पहुँचाया जाता है। यह सेवा भावना का अद्भुत उदाहरण है। हाल ही में वाघेला गौ-सेवा जीव दया समिति के प्रमुख दिनेश वाघेला एवं सदस्यों ने गौशाला का निरीक्षण किया। साथ ही गौशाला के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने वाघेला गोसेवा जीव दया समिति प्रमुख दिनेश वाघेला का स्वागत एवं सम्मान भी किया गया। दल में दिनेश वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया, रतनेश विजयवर्गीय , निर्मल अमालिया, संतोष टांक, मोतीलाल जैन,रुपा गिरवाल,महेंद्र जाट सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में राकेश मईडा, रंगलाल झोड़िया, ईश्वर गरवाल, रमेश गरवाल, नानुराम गरवाल, झिथरा वसुनिया, जवरिया डामर सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी दिनेश वाघेला ने दी।

### रवि गुर्जर जिला अध्यक्ष मनोनीत



**रतलाम।** मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा रतलाम के पदाधिकारी एवं सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला चिकित्सालय शिव मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला शाखा की वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल के समाप्त होने पर नवीन कार्यकारिणी गठित करने का निर्णय लिया गया । जिसमें संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एस.बी.सिंह के अनुमोदना पर पूर्व प्रदेश उप प्रांतीय अध्यक्ष एवं संरक्षक राजेंद्र सिंह चौहान द्वारा पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील शुक्ला की सहमति से नवीन जिला अध्यक्ष के पद पर रवि गुर्जर के नाम की सर्व सहमति से घोषणा की गई । साथ ही आशा व्यक्त की गई है कि शीघ्र ही जिला शाखा समिति का गठन कर संगठन के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे । वहीं वर्तमान जिला अध्यक्ष सुशील शुक्ला के सेवानिवृत्ति होने पर बैठक में जिला शाखा द्वारा पुष्पहार से सम्मान किया गया तथा 28 नवंबर को जिला चिकित्सालय परिसर में श्री शुक्ला के सेवानिवृत्ति समारोह को आयोजित किये जाने की कार्य योजना को भी अंतिम स्वरूप दिया गया। बैठक में उपस्थित मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के राजेंद्र सिंह चौहान, रवीन्द्र सिंह तंवर, सुशील शुक्ला, अनिल राठौर, रवि गुर्जर, दुष्यंत पुरोहित, सूबेदार सिंह राजपुरोहित, बलदेव सोलंकी, संजय बेनावत, प्रमोद पाटीदार, अनुज, मांगीलाल इत्यादि पदाधिकारी एवं सदस्यों ने रवि गुर्जर का पुष्प हार से स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त की गई।

### गीता मंदिर पर हर्षोल्लास से मनाई उत्पत्ति एकादशी

**रतलाम।** शनिवार को गीता मंदिर रोड स्थित गीता मंदिर में श्रद्धा, विश्वास और समर्पण के साथ झूमते, नाचते गाते हुए मनाई गई उत्पन्ना एकादशी। कार्यक्रम के निवेदन कर्ता बी एल पुरोहित परिवार द्वारा किया गया। जिसमें पं. गोपाल शर्मा द्वारा सुमधुर भजन किए गए और मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं, भक्तों ने भजन के आनंद लिये। मत कर माया को अहंकार, मत कर काया को अभिमान, काया गार से कांची, जैसे ओस रा मोती, झोका पवन का लग जाये, झपका पवन का लग जाए, काया धूल हो जासी, काया धूल हो जासी जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। श्रीमन नारायण नारायण की धुन धुन एवं तालियों की गड़गड़ाहट के बीच एकादशी संकीर्तन संपन्न हुआ तथा भोग के लिए प्रार्थना की गई 'श्याम थोड़ी दूर पर है झोपड़ी हमारी। छोटा सा परिवार सेवा करेंगे तुम्हारी। भोग लगाकर जाना श्याम भोग लगाकर जाना...जैसी प्रस्तुति दी गई । आरती और प्रसादी वितरण के साथ एकादशी संकीर्तन का विश्राम किया गया। इस 78 वें एकादशी संकीर्तन में बीएल पुरोहित, श्रीमती हीरामणि पुरोहित, प्रेम पुरोहित, दीपिका पुरोहित,वर्षा पुरोहित,लोकपाल सिंह जी राठौड़, हितेंद्र जी शर्मा, गोपाल जी जोशी, गोपाल जी शर्मा, अनिल जी सारडा,डॉ. शोभना तिवारी, डॉ. सुलोचना शर्मा,डॉ. पीके पुरोहित, डॉ नरेंद्र तिवारी, महेंद्र शर्मा, आनंद व्यास, गोपाल पालीवाल, बाबूलाल चौधरी,किरण व्यास , ललिता सोमानी , रेणु व्यास , शिला खंडेलवाल, नीतू व्यास आदि भक्त, श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अगला 79 वां संकीर्तन मोक्षदा एकादशी को रहेगा।

### सरदार पटेल हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर पर लगा रक्तदान शिविर



**जावरा।** विश्व मधुमेह दिवस पर जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति के संस्थापक चन्द्रकान्ता शर्मा की स्मृति में जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति द्वारा संचालित रक्तदान सेवा प्रकोष्ठ, सरदार पटेल हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बन्नाखेड़ा), भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लायंस क्लब समर्पण रतलाम, एचडीएफसी बैंक शाखा चौपाटी जावरा, सिंदुर रक्त दान सेवा समिति, सज्जन क्षत्रिय समाज परिषद रतलाम, राजपूत बोर्डिंग शास्त्री नगर रतलाम के संयुक्त प्रयासों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सरदार पटेल हास्पिटल डायरेक्टर डॉ. रोहित पटेल ने कहा लगभग 50 युनिट रक्तदान किया गया। सरदार पटेल नर्सिंग कॉलेज इंस्टिट्यूट ऑफ पेरामेडिकल साइंसेस के संस्थापक डा जीएल पटेल ने कहा सेवा ही हमारा संकल्प रहा है। अतिथि डॉ श्वेता विंचुरकर, सचिव लायंस रीता दीक्षित, लायंस कोषाध्यक्ष कविता व्यास, वीणा छाजेड़, किरण ओझा, नितेश भावसार, शिवानी धनोतिया, मंगलसिंह चौहान, राहुल चोधरी, मनिश पाटीदार, विजय शर्मा, यूवराज रणावत, रमेश धाकड़ सरदार पटेल हास्पिटल से विकास जायसवाल, मेहमूद अब्बासी का सराहनी सहयोग रहा। उक्त जानकारी प्रेम बनोपा ने दी।

# 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए आज से शुरू होंगी ऑनलाइन क्लासेस

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन क्लासेज आज से शुरू होने जा रही है। इन क्लासेस में विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ इंटरेक्टिव पैनल पर आधुनिक

**जिले के विषय विशेषज्ञ इंटरेक्टिव पैनल पर आधुनिक तकनीक से ऑनलाइन पढ़ाएंगे**

तकनीक से ऑनलाइन अध्यापन करवाएंगें। जिले के शासकीय स्कूलों के प्राचार्य अपनी संस्था में उपलब्ध स्मार्ट टीवी या एलईडी सहित अन्य माध्यम से विद्यार्थियों को क्लासेंस दिखाएंगे।



जिला शिक्षा अधिकारी अनीता सागर ने नवभारत को बताया कि 17 नवंबर से रतलाम जिले में शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 10 और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय ऑनलाइन क्लासेस प्रारंभ की जा रही है। जिसमें जिले के विषय विशेषज्ञ इंटरेक्टिव पैनल पर आधुनिक तकनीक से ऑनलाइन अध्यापन करवाएंगें।

प्राचार्य अपनी संस्था में उपलब्ध स्मार्ट टी वी/एलईडी आदि पर विद्यार्थियों तक लाभ पहुंचाने की व्यवस्था करेंगें। संबंधित दिवस की वेबेक्स लिंक प्रतिदिन शिक्षा विभाग ग्रुप में शेयर की जाएगी। प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि अपनी संस्था में ऑनलाइन क्लास अध्यापन दिखाने की व्यवस्था करेंगें एवं बच्चों तक विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन का लाभ पहुंचाएंगें।

**यह ऑनलाइन क्लासेस का पांचवां सीजन**

उल्लेखनीय है कि जिले के शिक्षा विभाग द्वारा 2021 से बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन के लिए कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर से ऑनलाइन क्लासेस आयोजित की जाती रही है। यह ऑनलाइन क्लासेस का पांचवां सीजन है। इस सत्र की विशेषता है कि एक ही लिंक से पहले कक्षा 12 वीं के विषय का अध्यापन दोपहर 2:45 बजे से 3:25 बजे तक होगा, तत्पश्चात दोपहर 3:30 से सायं 4:15 बजे तक कक्षा 10 वीं के विषय का अध्यापन होगा।

**इन्हें सौंपा दायित्व**

बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन व विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर से ऑनलाइन क्लासेस का 17 नवम्बर से पांचवां सीजन शुरू होगा। इन ऑनलाइन क्लासेस के सफल संचालन के लिए समन्वयक राजीव पंडित उच्च मा. शिक्षक धौंसवास, तकनीकी समन्वयक मुकेश ठन्ना, सहायक जया जैन रमसा को दायित्व सौंपा गया है।

# पुलिस ने जिलाबदर अभियान चलाया, हिस्ट्री शीटर, निगरानी गुंडा बदमाशों की भी चेकिंग

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** बीती रात पुलिस ने जिले में अभियान चलाते हुए अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु जिलाबदर, हिस्ट्री शीटर और निगरानी गुंडा बदमाशों की चेकिंग की।

**लंबे समय से फरार 51 स्थाई वारंटी, 93 गिरफ्तारी वारंट किए तामील**



मुख्यालय के निर्देश पर एसपी अमित कुमार की अगुवाई में सभी अनुभागों में सीएसपी/ एसडीओपी के नेतृत्व में, शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात से सुबह तक पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर गुंडे बदमाशों, वारंटियों, असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई। एसपी के मार्गदर्शन में एएसपी शहर राकेश खाखा, ग्रामीण विवेक कुमारलाल के मार्गदर्शन में सीएसपी रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया, एसडीओपी रतलाम किशोर पाटनवाला, सीएसपी जावरा युवराज सिंह चौहान, एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय, एसडीओपी आलोट पल्लवी गौर, डीएसपी अजय सारवान, डीएसपी आनंद स्वरूप सोनी के नेतृत्व में संबंधित टीआई एवं थाने के बल की ब्रीफिंग कर कॉम्बिंग गस्त हेतु रवाना किया। कांबिंग गश्त के दौरान विभिन्न प्रकरणों में वांछित लंबे समय से फरार-51 स्थाई वारंटियों, 93-गिरफ्तारी वारंट तामील करवाए गए। रतलाम पुलिस द्वारा गुंडे, बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



## कलेक्टर ने जिला स्तरीय कॉल सेंटर का निरीक्षण किया

**रतलाम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में जिले में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय काल सेंटर स्थापित किया गया है। निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026(एसआईआर) के संबंध में बी एल ओ के डिजिटाइजेशन की कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मिशा सिंह ने एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव के साथ कॉल सेंटर का निरीक्षण कर बीएलओ के डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

# जेल तक लाने वाले अवगुण को छोड़ने का लें संकल्प : मकवाना

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सहिष्णुता और आनंद एक दूसरे के पूरक हैं। जब हम दूसरों को सहन करते हैं, तो एक शांत और समृद्ध वातावरण बनता है जो आनंद के लिए आवश्यक है।

यह बात सर्किल जेल में उप

**सहिष्णुता दिवस पर सर्किल जेल में कार्यक्रम आयोजित**

अधीक्षक ब्रजेश मकवाना ने सहिष्णुता दिवस पर कही। आपने कहा कि सहिष्णुता की आवश्यकता सब जगह है लेकिन जेल में जो लोग आए हुए हैं उनको सहिष्णुता की अत्यधिक आवश्यकता है । उन्होंने बंदियों से आग्रह किया कि अपने स्वभाव में जिस अवगुण की वजह से जेल में आए हैं,उसे छोड़ने का संकल्प लें।

राज्य आनंद संस्थान भोपाल के निर्देशन में तथा कलेक्टर मिशा सिंह तथा आनंद विभाग रतलाम की नोडल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रतलाम वैशाली जैन के आदेशानुसार जेल अधीक्षक लक्ष्मण सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में एवं उप जेल अधीक्षक ब्रजेश मकवाना की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के अवसर पर सर्किल जेल रतलाम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

आनंद विभाग की जिला समन्वयक सीमा अग्निहोत्री ने




बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सहिष्णुता, परस्पर सम्मान, संवाद और सद्भाव जैसे मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। सहनशीलता की कमी होने से ऐसी घटनाएं होती हैं जो समाज देश और विश्व के लिए हानिकारक है। आधुनिक समय में व्यक्ति में धैर्य सहन करने की क्षमता लगभग समाप्त हो चुकी है।महात्मा गांधी ने सहिष्णुता के इस गुण को अपनाकर इसे अपना हथियार बनाया था। सहिष्णुता सामाजिक समरसता की आधारशिला है।विविधता को स्वीकारना और दूसरों के दृष्टिकोण को समझना किसी भी समाज की प्रगति का मार्ग बनाता है। आनंदक गिरीश सारस्वत ने कहा कि अच्छे विचारों के लिए लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों का नियमित अध्ययन करें। विभिन्न महापुरुष महात्मा गांधी ,नेल्सन मंडेला तथा जवाहर लाल नेहरू ने जेल में रहकर समय का सदुपयोग किया। उसी प्रकार सुधार गृह में अपनी योग्यता, गुणों को विकसित कर श्रेष्ठ नागरिक बन सकते हैं। साथ ही एक रोड एक्सिडेंट के नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सहिष्णुता के संदेश को जीवंत एवं प्रभावी बनाया। आनंदक सीमा अग्निहोत्री, पुष्पेंद्र सिंह सिसौदिया, धर्मा कोठारी, सुरेन्द्र अग्निहोत्री,गिरीश सारस्वत के साथ बंदी भाईयों तथा बहनों ने पृथक पृथक विभिन्न खेलों का आनंद लिया और उनसे जुड़ी सीख को भी समझा। सहायक जेल अधीक्षक विनोद विश्नोई ने राज्य आनंद संस्थान का आभार व्यक्त किया।

**शार्ट फिल्म दिखाई**

डाकू रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बनने की कहानी को शॉर्ट फिल्म के माध्यम से बताया गया,जिसे देखकर कई लोग भावुक हो गए तथा अपने अंदर बदलाव का संकल्प लिया।ब्रजेश मकवाना ने भी अपनी सहिष्णुता का परिचय देते हुए एक बंदी द्वारा की गई गलती के लिए माफ किया तो कक्ष तालियों से गूंज उठा।

## दुर्घटना रोकने वाहनों की एलईडी हेड लाइट प्रतिबंधित करें

**रतलाम।** प्रदेश सहित जिले में वाहन दुर्घनाएं बढ़ रही है, जिसका कारण वाहनों में लगी एलईडी सफेद हेड लाइट है । सड़क हादसों को लेकर सृष्टि समाज सेवा समिति के सदस्यों ने सर्वे कर ड्राइवरों,लोगों और एक्सपर्ट की राय जानी। इसमें दुर्घटनाओं की बढ़ोत्तरी सफेद लाइट की तेज रोशनी के कारण रात्रि में वाहन चालकों की आंखे 2,3 सेकंड के लिए चिलमिला जाती है और सामने का रास्ता नहीं दिखता। जिससे दुर्घटना का कारण सामने आया है। संस्था के सदस्यों ने सड़क मंत्री को पत्र लिखकर सफेद एलईडी हेड लाईन प्रतिबंधित रकने की मांग की।

## अपहृत नाबालिग को सकुशल किया दस्तयाब

**रतलाम।** जिले में गुमशुदा, अपहृत बालक-बालिकाओं की तलाश एवं दस्तयाबी हेतु एसपी के निर्देशन पर कार्रवाई की जा रही हैं। एएसपी शहर राकेश खाखा एवं ग्रामीण किशोर पाटनवाला के मार्गदर्शन में डीएसपी सुश्री अनीशा जैन के नेतृत्व में 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत थाना शिवगढ़ पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया। 22 अक्टूबर को थाना शिवगढ़ क्षेत्र अंतर्गत 13 वर्षीय बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की। शिवगढ़ पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया। अभियान के तहत पुलिस द्वारा अभी तक 2 नाबालिक बालक बालिकाओं को दस्तियाब किया जा चुका है। इस अभियान के तहत दस्तावेज बालक व बालिकाओं को पुलिस ने परिजनों के सुपूर्द किया हैं।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** उप पुलिस अधीक्षक अनीशा जैन (थाना प्रभारी शिवगढ़), सउनि नंद किशोर राठौर, प्रआर रघुवीर सिंह शक्तावत, आर नितेश जाटव की सराहनीय भूमिका रही।

## शिक्षिका श्वेता नागर शिक्षाविद गिजुभाई सम्मान से सम्मानित

**रतलाम।** बाल शिक्षा के क्षेत्र में अपना अभूतपूर्व योगदान देने वाले प्रसिद्ध शिक्षाविद् गिजु भाई बधेका की जन्म जयंती को बाल आनंद दिवस के रूप में मनाते हुए प्रदेश शिक्षकों के रचनात्मक मैत्री समूह ,आत्मनिर्भर शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा भोपाल के दुष्यंत पांडुलिपि संग्रहालय में गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में प्रदेश के उत्कृष्ट और नवाचार करने वाले शिक्षकों को प्रदेश स्तरीय गिजु भाई सम्मान से सम्मानित किया गया । जिसमें रतलाम जिले की सांदीपनि शासकीय मॉडल स्कूल, सैलाना की शिक्षिका श्वेता नागर को भी



सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान करने के लिए बतौर मुख्य अतिथि भोपाल दक्षिण पश्चिम के विधायक भगवान दास सबनानी एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री राहुल कोठारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही पूर्व मंत्री दीपक जोशी सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक संदर्भ समूह के संस्थापक श्री दामोदर जैन द्वारा किया।



# विश्व के टॉप टेन क्लबों में लायंस नैत्र चिकित्सालय बाजीगर बना

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** विश्व के 40 हजार मानव सेवा क्लबों मे से सेवा के लिए विशेष कर अन्धत्व निवारण व मधुमेह के लिए टॉप टेन का अवार्ड हॉसिल करने वाले लायन्स नैत्र चिकित्सालय मोतियाबिंद आदि आप्रेशन के लिए बाजीगर बना हुआ है।

एमजेएफ लायन यश जैन एडवोकेट की अध्यक्षता में विगत चार माह में लगभग 35 हजार नैत्र रोगियों के नैत्र परिक्षण एवं मधुमेह की जांच के साथ लगभग 3 हजार मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन किये जा चुके हैं। साथ ही जावरा, सैलाना,पिपलौदा, आलोट के तीन हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं के नैत्र परिक्षण कर उनको नैत्र सूरक्षा से अवगत कराते हुए निशुल्क दवाईया आदि भी वितरण कर रहा है।

आज लायन्स क्लब के पुर्व अध्यक्ष व नैत्र चिकित्सालय प्रशासनिक समिति के सदस्य द्वय लायन सुजानमल कोचट्टा व लायन गोपाल सेठिया ने मोतियाबिंद ऑपरेशन के 50 से भी अधिक चैत्र रोगियों को निशुल्क दवाईया एवं चश्मे आदि का वितरण कर आप्रेशन के बाद नैत्र सूरक्षा कैसे करनी है जानकारी दी।

लायंस नैत्र चिकित्सालय के संचालन में अध्यक्ष यश जैन के साथ ही सचिव अशोक चोपड़ा, कोषाध्यक्ष राकेश कोचट्टा, डॉ सुरेश मेहता, एमजेएफ कमल जैन , पावन मोदी, धरमचंद चपडोद आदि का भी समय समय पर सहयोग मिल रहा है। उक्त जानकारी नैत्र चिकित्सालय के पुर्व चेयरमेन लायन सुजान कोचट्टा ने दी।

## 90वें जन्मोत्सव पर 69 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**जावरा।** रक्तदान को सबसे बड़ा दान कहा गया है। रक्त का दान करके किसी भी व्यक्ति के अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। हर व्यक्ति को जीवन में रक्त का दान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से हमारे शरीर में पुन: जल्दी ही नए रक्त का सृजन हो जाता है। रक्तदान में कुछ भी खर्च नहीं होता लेकिन इसे प्राप्त करने वाले के लिए यह बहुत कुछ होता है। यह उदगार नवयुवक परिषद अध्यक्ष सुमित दसेड़ा ने पुण्य सम्राट गुरुदेव के 90 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ पर क है। श्रीसंघ एवं परिषद मीडिया प्रभारी अरविंद जैन एवं अतुल सुराणा ने बताया, नवयुवक परिषद द्वारा आयोजित यह लगातार नौवा रक्तदान शिविर में 69 ने रक्तदान किया। शिविर लाभार्थी अशोक, आदित्य की पुण्य स्मृति में संगीता चौधरी परिवार भिलाई निवासी के सौजन्य से संपन्न हुआ। मानव सेवा समिति रतलाम ने सहयोग दिया। श्रीसंघ एवं परिषद के अनेक सदस्य मौजूद रहे। परिषद सचिव रूपेश सिसोदिया दंपति ने एक साथ रक्तदान किया।



## 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण की महाप्रसादी

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** अन्नकुट महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भीड मंदिर में उमड रही है। विभिन्न देवालयों में अनेक प्रकार के पकवानों के भोग भगवान को लगाए जा रहे है। महाआरती कर प्रसादी वितरित की जा रही है। भीमाखेड़ी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में अन्नकुट महोत्सव का आयोजन किया।

अशोक आंटिया ने बताया कार्यक्रम को लेकर मंदिर का विशेष श्रृंगार किया गया। रविवार को भीमाखेड़ी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में अन्नकुट का आयोजन हुआ। भोग लगाने के बाद शाम 5:30 बजे बालाजी की महाआरती की गई। फूलो से मंदिर को सजाया गया। महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों सहित जावरा क्षेत्र के 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी का लाभ लिया।

इधर पारस गंगवाल की प्रथम पुण्य स्मृति में गंगवाल परिवार ने पहाडिया हनुमान मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन किया। शनिवार शाम 5 बजे ढोल से महाआरती की गई। पॉलिटेक्निक रोड स्थित मंदिर पर हुए आयोजन में 3 हजार से अधिक श्रद्धालू शामिल हुए।